तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 40.1° | 24.3° |
| इंदौर | 39.2° | 25.1° |
| जबलपुर | 40.4° | 24.5° |
| ग्वालियर | 41.0° | 22.1° |


दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 148,पृष्ठ 12)
शनिवार 27 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये




**राजधानी...** आपने कितने पोलिंग बूथ देखे अभी कहां...


**खेल...** आईसीसी ने बनाया युवराज को टी20 वर्ल्ड कप...


**व्यापार...** साइबर ठगी पर नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज...


**देश-विदेश...** हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे से अन्य देश...


www.naiduniaonline.com

## तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने 26 हजार परिवारों की खुशियां छीन लीं : मोदी

कोलकाता (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को मालदा में एक चुनावी रैली में ममता सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण लगभग 26 हजार परिवारों की शांति और खुशी खत्म हो गई है।**

मोदी ने यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ के हालिया आदेश के संदर्भ में दिया। जिसमें सरकारी स्कूलों में 25 हजार 753 टीचिंग (शिक्षण) और गैर-शिक्षण नौकरियों को रद्द कर दिया गया था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि नौकरियों और आजीविका के इस नुकसान के लिए केवल तृणमूल कांग्रेस जिम्मेदार है। राज्य सरकार ने राज्य में युवाओं के विकास के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। जिन लोगों ने पैसे उधार लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को दिए उनकी हालत तो और भी खराब है। पीएम मोदी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल पर विभिन्न केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के तहत दिए गए केंद्रीय फंड के उपयोग के संबंध में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का भी आरोप लगाया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के 80 लाख किसानों के लिए 8 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं। लेकिन राज्य सरकार बाधा उत्पन्न कर रही है, इसलिए किसानों को राशि नहीं मिल पा रही है। राज्य सरकार सभी केंद्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन को खराब करने की कोशिश कर रही है। वे राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं होने दे रहे। हमारे पास मालदा जिले के आम किसानों के लिए योजनाएं हैं। लेकिन मुझे चिंता है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता वहां भी कमीशन की मांग करेंगे। पीएम मोदी ने राज्य के विभिन्न



हिस्सों में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास करने का भी आरोप राज्य सरकार पर लगाया। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं को प्रताड़ित किया गया। मालदा में भी ऐसी ही घटनाओं की खबरें आई थीं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार ने हमेशा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया है। मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच तुष्टिकरण की राजनीति की प्रतिस्पर्धा चल रही है। एक तरफ तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस आम लोगों से पैसा जब्त करने और इसे केवल उन लोगों के बीच वितरित करने की योजना बना रही है जो उनके समर्पित वोट बैंक का हिस्सा हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का गुप्त समझौता है।

श्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों श्रीरूपा मित्रा चौधरी (मालदा दक्षिण) और मालदा उत्तर के मौजूदा सांसद खगेन मुर्मू के लिए एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल जीवन के हर पहलू में भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे लगभग 26,000 परिवार पीड़ित (शेष पेज 2 पर)

### मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों के सपने चूर-चूर हुए

अररिया/मुंगेर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर उच्चतम न्यायालय के आज के फैसले से मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका लगा कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए। श्री मोदी ने शुक्रवार को अररिया संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए । प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले पोलिंग बूथ और बैलट पेपर लूट लिए जाते थे। ये वे लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर की लूट के जरिए गरीबों का अधिकार छीना लेकिन जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों से ये बर्दाश्त नहीं हो रहा था इसलिए वे ईवीएम को हटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला पुराना दौर अब वापस लौटकर नहीं आएगा।




## देश में यूसीसी लागू करना भाजपा का वादा और मोदी की गारंटीः शाह

**भोपाल (काप्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के गुना और राजगढ़ में विशाल जनसभाओं को संबोधित कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को बरकरार रखने का वादा किया गया जबकि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी ) लागू करने का भाजपा का वादा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।**

इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवर्तमान गुना सांसद केपी यादव, गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी रोडमल नागर सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए, मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है, लेकिन भाजपा के लिए, गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का पहला अधिकार है। सिंधिया मध्य प्रदेश की गुना लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र को ध्यान से पढ़ें। उन्होंने कहा है कि वे पर्सनल लॉ को फिर से लाएंगे, वे मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। वे तीन तलाक को वापस लाना चाहते हैं...क्या यह देश शरिया (इस्लामी कानून) से चलाया जा सकता है? उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा तुष्टिकरण के लिए जो करना है, कर लो। जब तक भाजपा है, कोई पर्सनल लॉ नहीं आएगा। यह देश यूसीसी और संविधान से चलेगा। यही हमारे संविधान की भावना है। हमने उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया है। उन्होंने कहा कि, यह हमारा वादा और मोदीजी की गारंटी है कि यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त, 2019 को एक झटके में धारा 370 को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा मुझे यह कहकर डराते थे कि अगर धारा 370 हटा दी गई तो कश्मीर में खून की नदियां बह (शेष पेज 2 पर)

### खास-खबरें

#### वीवीपैट के अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगाःजयराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) से संबंधित जिन याचिकाओं को खारिज किया है उनमें वह किसी भी तरह से पक्ष नहीं थी और वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वीवीपैट पर जिन याचिकाओं को आज उच्चतम न्यायालय ने खारिज किया, उनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर विचार किया है।

#### अजित पवार को चुनाव आयोग ने दी क्लीन चिट

**मुंबई (एजेंसी)।** देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। वहीं, अपने बयानों को लेकर मुसीबत में फंसने वाले एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को भी चुनाव आयोग ने राहत दी है। अजित पवार को इंदापुर विधानसभा में दिए गए उनके बयान को चुनाव आयोग की तरफ से क्लीन चिट मिल गई है। कुछ दिन पहले इंदापुर में एक सभा में बोलते हुए अजित पवार ने बयान दिया था कि अगर आपको विकास फंड चाहिए तो उम्मीदवार के चुनाव चिह्न के सामने वाला बटन दबाएं, नहीं तो वे विकास फंड देने में हाथ खड़े कर देंगे।

## दूसरे चरण में सबसे ज्यादा त्रिपुरा में और सबसे कम उप्र में हुआ मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान हुए, हालांकि चुनाव को लेकर उत्साह शाम को आए वोटिंग प्रतिशत ने कम कर दिया।**

इस बार का वोटिंग ट्रेंड पहले चरण के चुनाव से भी खराब रहा। दूसरे चरण में महज 63.00 प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 2019 में इन्हीं सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा लोगों ने बढ़-चढ़कर वोट किया था। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 64 प्रतिशत वोट डाले गए थे। पिछले चुनाव में उन सीटों पर भी 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुए थे. यही हाल दूसरे चरण में भी रहा, किसी भी राज्य में मतदान का आंकड़ा 80 फीसदी को पार नहीं कर सका। सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, वहीं मणिपुर में 77.2 छत्तीसगढ़ में 73.1, पश्चिम बंगाल में 71.8, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्यप्रदेश में 56.80, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया। वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं. इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है।



मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में सहपरिवार अपने मतअधिकार का उपयोग किया।


#### होशंगाबाद में 67.86 फीसदी पड़े वोट

*मध्यप्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ,मप्र में वोटिंग प्रतिशत 56.80 रहा। सबसे ज्यादा होशंगाबाद 67.86 फीसदी में मतदान हुआ। सबसे कम रीवा में मात्र 48.67 फीसदी वोटिंग हुई। इसके अलावा टीकमगढ़ में 59.79, दमोह में 56.18, खजुराहो 56.44, सतना 61.77फीसदी। होशंगाबाद के पिपरिया में सबसे ज्यादा 73.34फीसदी वोटिंग हुई। रीवा के त्यौंथर में सबसे कम 45.52फीसदी वोटिंग हुई। होशंगाबाद के पिपरिया में 73.32, सिवनीमालवा में 69.76, तेंदूखेड़ा में 69.33, सोहागपुर में 68.32 और गाडरवारा में 67.72फीसदी हुआ है।*

ईवीएम-वीवीपैट सत्यापन की मांग वाली याचिका खारिज

## किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहींः सुको

**नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में डाले गए वोटों का वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों के क्रॉस-वेरिफिकेशन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।**



हालांकि जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके। अपने फैसले में जस्टिस खन्ना ने मामले में दो निर्देश पारित किये। सबसे पहले सभी सिंबल लोडिंग यूनिट्स (एसएलयू) को सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर एक मई या उसके बाद सील कर दिया जाएगा और परिणाम घोषित होने के बाद कम से कम 45 दिनों तक स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को पोलिंग एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील किया जाना चाहिए, और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को मतगणना के परिणाम के बाद मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के इंजीनियर सत्यापित करेंगे। दूसरे और तीसरे सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवारों द्वारा किए गए लिखित अनुरोध पर परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम जले हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर की जांच करेगी।सभी उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि सत्यापन के समय उपस्थित (शेष पेज 2 पर)

#### सोपोर में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चल रही गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि एक नागरिक और दो सैनिक घायल हो गए।

आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सेना और सीआरपीएफ सहित सुरक्षाबलों ने गुरुवार को सोपोर शहर के नौपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

## मोदी जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं : राहुल

**विजयपुरा (एजेंसी)। कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं।**



गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को मंगलसूत्र, संपदा पुनर्वितरण और विरासत कर जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। गांधी (शेष पेज 2 पर)

## दिल्ली मेयर चुनाव स्थगित होने पर एमसीडी में जमकर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी ) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को बृहस्पतिवार रात स्थगित कर दिया गया था। भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे दलित विरोधी कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।

**स्पेशल खबर** *देश के भ्रष्टाचारियों, अपराधियों, माफिया को...*

## भाजपा ने अपने गोदाम में रख लिया : अखिलेश

**एटा (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी भ्रष्टामचारियों, अपराधियों और माफिया को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए चुनावी बॉण्ड का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह इस चंदे के रूप में की गई वसूली है। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है...और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश में जितने भी भ्रष्टौचारी, अपराधी,



माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है कि उसे युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। उन्होंने युवाओं से संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने नौकरी व रोजगार तो छीना ही, आपका (युवाओं का) एक-तिहाई जीवन भी बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी व रोजगार न मिलने से युवाओं का भविष्यक अंधकार में है, और उनकी जल्द शादी होने की संभावना भी कम नजर आ रही है।

## संदेशखाली में सीबीआई रेड, बड़ी संख्या में गोला-बारूद और बम बरामद

**संदेशकली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम पर हमले के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशकली में एक घर पर छापेमारी की है। अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के आवास पर छापेमारी करने जा रहे थे। नेता शेख शाहजहाँ, जो इस समय सलाखों के पीछे है। 10 सदस्यीय सीबीआई टीम ने संदेशखाली के सरबेरिया इलाके में एक घर पर छापा मारा, जो स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता हफीजुल खान के रिश्तेदार का था। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की सहायता से सीबीआई टीम ने हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ घर के अंदर रखे कई बम भी बरामद किए। जांच अधिकारी एक गुप्त सूचना मिलने के बाद स्थान पर पहुंचे और विस्फोटकों का पता लगाने के लिए अपने साथ एक बम स्कैनिंग उपकरण भी लाए।